# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक- 15.09.2022**

बच्चा चोरी/किडनी निकालने सम्बन्धी फैल रही फर्जी अफवाहों को रोकने/अंकुश लगाने हेतु बाराबंकी पुलिस द्वारा फर्जी अफवाह फैलाने व शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 14 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

बच्चा चोरी/किडनी निकालने सम्बन्धी फर्जी अफवाहों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग एवं रात्रि में आने वाले व्यक्तियों से मारपीट की घटनाएं कारित हो रही हैं। जिस पर इस तरह की फर्जी अफवाहों पर अंकुश/रोक लगाने हेतु जनपद के थाना कोतवाली नगर, रामनगर, सुबेहा, जहांगीराबाद, सतरिख, दरियाबाद, मोहम्मदपुर खाला, लोनीकटरा में अभी तक कुल 10 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा फर्जी अफवाह फैलाने वालों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक- 15.09.2022 को थाना सुबेहा पुलिस ने 1- सोनू उर्फ वीरेन्द्र सैनी पुत्र स्व0 राम कुमार सैनी, 2- मो0 रईश पुत्र स्व0 मो0 नफीस निवासीगण जवाहरनगर कस्बा व थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी, थाना दरियाबाद पुलिस ने 3- राम भारत पुत्र स्व0 मायाराम निवासी ग्राम पूरे कामगार अलियाबाद थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी, 4- रिंकू पुत्र बदलू प्रजापति निवासी ग्राम भगवानपुर मजरे कुशफर थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी, थाना लोनीकटरा पुलिस ने 5- राम सेवक पुत्र स्व0 भोगी, 6- गंगा प्रसाद पुत्र महादेव रावत 7- राधेश्याम पुत्र दुलारे यादव, 8- मनीष पुत्र गोपीचन्द्र यादव, 9- स्वामीदीन पुत्र जंगली प्रसाद निवासीगण ग्राम मुबारकपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी, थाना मोहम्मदपुरखाला पुलिस ने 10- हंसराज पुत्र स्व0 कोदी, 11- विष्णु गौतम पुत्र कैलाश, 12- अशोक कुमार पुत्र होलीराम निवासीगण उतरावा थाना मोहम्मदपुरखाला जनपद बाराबंकी व थाना रामनगर पुलिस ने 13- मोहित पुत्र गिरजा शंकर, 14- अशोक पुत्र गुरूदीन निवासीगण गौबरहा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। इस तरह बाराबंकी पुलिस द्वारा कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त बाराबंकी पुलिस द्वारा बच्चा चोरी/किडनी निकालने सम्बन्धी फैल रही फर्जी अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।